कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

सूचना

कार्यालयीन विज्ञापन क्र. 14615/स्वशासी/स्था/एम.सी./2019 दिनांक 29.07.2019 द्वारा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल हेतु एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से स्टाफ नर्सों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु राज्य स्तरीय आरक्षण रोस्टर (अजा.–16%, अजजा–20%, अपिव–14%) अनुसार पदों को विज्ञापित किया गया था जिसमें बिन्दु क्र. 4 में स्पष्ट उल्लेख है कि पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार रहेगा एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रहेगा का उल्लेख है। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रकाशित म.प्र. राजपत्र (असाधारण) दिनांक 19.08.2019 में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर कार्यालयीन सूचना क्र. 16361/स्था/एम.सी./2019 दिनांक 24.08.2019 द्वारा संशोधित आरक्षण रोस्टर के अनुसार रिक्तियों की पूर्ति किये जाने की सूचना एम.पी. ऑनलाइन एवं महाविद्यालय के वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी।

कार्यकारिणी समिति की संपन्न बैठक दिनांक 26.11.2019 में लिये गये निर्णय अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों को जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर लागू कर पदपूर्ति का निर्णय लिया गया है एवं जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर लागू करने हेतु संचालनालय चिकित्सा शिक्षा भोपाल के पत्र क्र. 346–60/स्था/अराज/2020 दिनांक 04.03.2020 द्वारा निर्देश भी दिये गये है। तद्नुसार म.प्र. राजपत्र (असाधारण) दिनांक 21 सितम्बर 2010 में प्रकाशित रीवा जिले हेतु आरक्षण रोस्टर (अजा.–16%, अजजा–13%, अपिव–14%) संधारित कर म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के आदेश क्र. 7–7/2001/आर.प्र./एक दिनांक 28 मई 2001 द्वारा गठित समिति से रीवा जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर अनुमोदित किया गया।

म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. सी 3–13/2019/3/एक दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के निर्देशानुसार उक्त नियुक्तियां 03 वर्ष की परिवीक्षा पर होगी परिवीक्षा अवधि में न्यूनतम वेतन का प्रथम वर्ष में 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष में 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में प्रदान किया जावेगा।

अतः उपरोक्त विज्ञापित स्टाफ नर्सों के रिक्त पदों की पूर्ति में रीवा जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर लागू होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)